Cug No. 9473942683
eeedchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)—चन्दौली।

पत्रांक 3541 / पेयू.कोवि / 13 दिनांक 09.06.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः—** **दैनिक समाचार पत्र ''दैनिक भास्कर'' में प्रकाशित समाचार शीर्षक ''चन्दौली में जल जीवन मिशन ठेकेदार ने तोड़ी सीसी रोडः लाखों की लागत से बनी सड़क, राहगीर हो रहे चोटिल'' के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी ''अमर उजाला'' में दिनांक— 09.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''चन्दौली में जल जीवन मिशन ठेकेदार ने तोड़ी सीसी रोडः लाखों की लागत से बनी सड़क, राहगीर हो रहे चोटिल'' के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक— उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

| समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक– 09.06.2026 | "चन्दौली में जल जीवन मिषन ठेकेदार ने तोड़ी सीसी रोडः लाखों की लागत से बनी सड़क, राहगीर हो रहे चोटिल" | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड सकलडीहा में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेज इं लिमिटेड द्वारा डैना पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गयी सड़कों का मरम्मत का कार्य कार्यदायी संस्था के द्वारा पूर्व में करा दिया गया था एवं कुछ स्थानों पर सड़क धस गया है। जिसका तत्काल मरम्मत करने हेतु सूचीबद्ध फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेज इं लिमिटेड के जनरल मैनेजर को निर्देशित कर दिया गया है। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us

# चंदौली में जलजीवन मिशन ठेकेदार ने तोड़ी सीसी रोड: लाखों की लागत से बनी सड़क, राहगीर हो रहे चोटिल

ज्ञानेंद्र कुमार सिंह | सकलडीहा, चंदौली
4 घंटे पहले



Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

चंदौली के सकलडीहा क्षेत्र में जलजीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों और गलियों की मरम्मत नहीं की गई है। ठेकेदार द्वारा खोदी गई सड़कें अधूरी छोड़ दिए जाने से ग्रामीण परेशान हैं। इन टूटी सड़कों के कारण आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जल्द मरम्मत की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

सकलडीहा विकास खंड की डैना ग्राम पंचायत में जलजीवन मिशन के ठेकेदार ने लगभग 400 मीटर सीसी रोड को बीच से तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत के कारण यह परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। विपक्षी दलों ने भी इस मामले में कई आरोप लगाए हैं।

विकास खंड के कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने के लिए सीसी, इंटरलॉकिंग और पिच सड़कों तथा गलियों को खोदा गया था। पाइपलाइन डालने के बाद इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। लाखों की लागत से विभिन्न विभागों द्वारा बनाई गई ये सड़कें आज भी टूटी पड़ी हैं। विडंबना यह है कि अधिकतर गांवों में अभी तक पानी की आपूर्ति भी शुरू नहीं हो पाई है।

इस मामले में सकलडीहा के एसडीएम कुंदन राज कपूर ने बताया कि जांच के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

Download App from
GET IT ON Google Play

आज का राशिफल मेष

मेष | Aries

पॉजिटिव- आज दिनभर व्यस्तता बनी रहेगी। आप पूरी शिद्दत से उलझे मामलों को सुलझाने का प्रयास करेंगे। थोड़ी सी सावधानी रखने से कई चीजें आपके पक्ष में सुचारु रूप से पूरी होंगी।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

low us on





दैनिक भास्कर को **Google** पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

+Follow us

## खबरें और भी हैं...



### चंदौली में कांस्टेबल परीक्षा का पहला दिन संपन्न: 11 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई परीक्षा, 1996 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

चंदौली › शेयर

Advertise with Us |
DB Reporter | [illegible] |
Terms & Conditions and [illegible]
Redressal Policy
|
Contact Us | RSS |
Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.

Scanned with OKEN Scanner